भारत सरकार

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 6078

बुधवार, दिनांक 01 अप्रैल, 2026 को उत्तर दिए जाने हेतु

<u>नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी</u>

6078. श्री तनुज पुनियाः क्या नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान पारंपरिक स्रोतों (थर्मल, परमाणु आदि) की तुलना में नवीकरणीय स्रोतों से देश में कुल बिजली उत्पादन का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या देश के कुल बिजली उत्पादन में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी सरकार के लक्ष्यों के अनुसार बढ़ रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) पिछले पांच वर्षों के दौरान चालू की गई प्रमुख नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं और राष्ट्रीय ग्रिड में उनके योगदान का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा एवं विद्युत राज्य मंत्री

(श्री श्रीपाद येसो नाईक)

(क) पिछले पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष (जनवरी, 2026 तक) नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों (सौर, पवन, जैवऊर्जा तथा जल विद्युत), तापीय तथा परमाणु विद्युत से कुल बिजली उत्पादन का वर्ष-वार विवरण निम्नानुसार हैः-

(बिलियन यूनिट में)

वर्ष	नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत	तापीय	परमाणु
2020-21	297.55	1032.51	43.03
2021-22	322.54	1114.71	47.11
2022-23	365.65	1206.15	45.83
2023-24	359.88	1326.29	47.94
2024-25	403.64	1363.79	56.68
2025-26 (जनवरी, 2026 तक)	408.37	1079.91	45.19

स्रोतः केन्द्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए)

(ख) देश की कुल विद्युत उत्पादन में नवीकरणीय ऊर्जा का हिस्सा वर्ष 2014 में 17.28% से बढ़कर वर्ष 2024-25 के दौरान 22.13% और वर्ष 2025-26 (जनवरी, 2026 तक) के दौरान 26.6% हो गया है।

(ग) पिछले पांच वर्षों के दौरान तथा वर्तमान वर्ष में (फरवरी, 2026 तक) 132.60 गीगावाट कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता चालू की जा चुकी है जिसमें 108 गीगावाट सौर क्षमता, 17.39 गीगावाट पवन क्षमता, 1.39 गीगावाट जैव-विद्युत क्षमता और 5.82 गीगावाट जल विद्युत क्षमता शामिल है। इसके परिणामस्वरूप नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन में वर्ष 2020-21 के दौरान 297.55 बिलियन यूनिट से वर्ष 2025-26 (जनवरी, 2026 तक) के दौरान 408.37 बिलियन यूनिट की वृद्धि हुई है।

*****